उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्या : 67/16/ई–3/डी0आर0(आर0ओ0/ए0आर0ओ0)/2023–24 दिनांक : 06 अगस्त, 2024

विज्ञप्ति

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सचिवालय/उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग/राजस्व परिषद कार्यालय में समूह 'ग' के अन्तर्गत समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के रिक्त 137 पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञापन संख्या–A-1/E-3/DR(RO/ARO)/2023, दिनांक 08 सितम्बर, 2023 के माध्यम से समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023 का विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

2. उक्त विज्ञापन के अनुक्रम में दिव्यांगजन अभ्यर्थी जिनके द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में श्रुतलेखक का दावा किया गया है, ऐसे अभ्यर्थी श्रुतलेखक के सम्बन्ध में किये गये दावे के सापेक्ष 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता के लिए **परिशिष्ट–7(1)** एवं **परिशिष्ट–7(2)** तथा ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है, के लिए **परिशिष्ट– 8(1)** एवं **परिशिष्ट–8(2)** को पूर्णतः भरते हुए श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो के साथ परिशिष्ट–7(2) अथवा परिशिष्ट–8(2) में किये गये दावे के आधार पर श्रुतलेखक की शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अंक–तालिका/प्रमाण–पत्र **दिनाँक 16.08.2024(शुक्रवार)** तक सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन–249404 कार्यालय में डाक अथवा ई–मेल–soexamthree@gmail.com के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

3. उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात श्रुतलेखक उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित किसी भी दिव्यांग अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। दिव्यांग अभ्यर्थी उक्त परिशिष्ट आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी, जिनके द्वारा श्रुतलेखक आयोग कार्यालय से उपलब्ध कराये जाने का दावा ऑनलाइन आवेदन पत्र में किया गया है, को हरिद्वार में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जायेगा। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि से 02 दिन पूर्व अर्थात **दिनांक 24 अक्टूबर, 2024 (गुरूवार)** को लोक सेवा आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर श्रुतलेखक से मिल सकते हैं।

-Sd-

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।